भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1925
उत्तर दिनांक - 08/08/2024 को दिया गया

हजीरा में भारी जल उत्पादन इकाई के लिए एक अतिरिक्त स्ट्रीम स्थापित करना

1925. डा. अजित माधवराव गोपछड़े

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) यह देखते हुए कि इस हेतु सभी आवश्यक बुनियादी ढ़ाचे पहले से ही मौजूद हैं, गुजरात के हजीरा में भारी जल उत्पादन इकाई के लिए एक अतिरिक्त स्ट्रीम स्थापित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) गुजरात के हजीरा में भारी जल उत्पादन इकाई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएई ने सभी संबंधित हितधारकों के साथ किस प्रकार से सहयोग किया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) भारी पानी संयंत्र (एचडब्ल्यूपी), हजीरा विभाग की एक संघटक इकाई भारी पानी बोर्ड (एचडब्ल्यूबी) के नियंत्रणाधीन है। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) के परिसर में स्थित एचडब्ल्यूपी, हजीरा के क्षमता संवर्धन हेतु तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति ने कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) प्राधिकारियों के साथ संवर्धन आवश्यकता की विस्तृत समीक्षा के लिए हजीरा सुविधा का दौरा किया है।

(ख) एचडब्ल्यूपी, हजीरा की संरक्षा व्यवस्था मेसर्स कृभको और राज्य रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों द्वारा की जाती है।

*****